(xi) Need to expedite the completion of various ongoing railways projects in Nalanda Parliamentary Constituency, Bihar

***श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा में तत्कालीन रेल मंत्री द्वारा स्वीकृत रेल परियोजनाओं के मंद गति से चलने की ओर, मैं इस सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृट करना चाहता हूं। पटना-इस्लामपुर वाया फतुहां रेलवे लाइन पर रेल परिचालन हो रहा है लेकिन इस्लामपुर से नटेसर रेलवे लाइन का कार्य प्रारंभ है लेकिन पच्चीस प्रतिशत मिट्टी का काम भी नहीं हुआ है और कार्य बहुत ही धीरे-धीरे चल रहा है। राजगीर-नटेसर रेलवे लाइन बनकर लगभग तैयार है, लेकिन हॉल्ट और स्टेशन का कार्य बहुत ही धीरे चल रहा है। फलस्वरूप रेलवे लाइन, परिचालन का कार्य रूका हुआ है। दनियावां-शेखपुरा रेलवे लाइन का काम अधूरा है।

रेल कोच फैक्ट्री, हरनौत (नालंदा) का काम भी अभी अधूरा है और कार्य बहुत ही मंद गति से चल रहा है। इस फैक्ट्री का शिलान्यास, माननीय तत्कालीन राट्रपति डॉ0 ए.पी.जे.कलाम के हाथों हुआ था। बख्तियारपुर-राजगीर रेलवे लाइन का दोहरीकरण भी बहुत ही धीरे-धीरे चल रहा है, जिससे रेलवे परिचालन में काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं।

मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि उपरोक्त सभी योजनाओं को तीव्रगति से कार्यान्वयन के लिए यथाशीघ्र कार्रवाई करें ताकि परियोजनाएं अपने निर्धारित समय में ही बनकर तैयार हो जाये।

---

* Treated as laid on the Table.